इग्नू जन-जन का विश्वविद्यालय

अति महत्वपूर्ण

अपने **क्षेत्रीय केंद्र करनाल** को जानिए...

01) क्षेत्रीय केंद्र करनाल का कोड (RC Code) **10** है।

02) क्षेत्रीय केंद्र कार्यालय - **सोमवार से शुक्रवार, प्रातः 9:30 से सांय 6:00 बजे तक** खुलता है।

03) क्षेत्रीय केन्द्र करनाल के अंतर्गत 15 जिले हैं - भिवानी, फतेहाबाद, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, पानीपत, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, और यमुना नगर।

04) विभिन्न प्रकार के फार्म (दाखिला फार्म, परीक्षा फार्म, पुनः पंजीकरण फार्म, कोर्स चेंज, प्रोग्राम चेंज, स्पेल्लिंग चेंज, पता चेंज, क्षेत्रीय केन्द्र (RC)/अध्ययन केंद्र (SC) चेंज, डुप्लीकेट I-Card, प्रव्रजन प्रमाण पत्र आदि) क्षेत्रीय केंद्र पर ही जमा किये जाते हैं।

05) क्षेत्रीय केंद्र के माध्यम से ही आपकी अध्ययन सामग्री (Study Material) वितरित होती है। अतः अध्ययन सामग्री प्राप्त न होने संबधी समस्या के लिये आप क्षेत्रीय केंद्र से सम्पर्क कर सकते हैं।

06) Counselling Schedule क्षेत्रीय केंद्र द्वारा **नहीं** बनाये जाते. इसके लिए अपने सम्बंधित अध्ययन केंद्र पर ही संपर्क करें।

07) सत्रीय कार्य (Assignments) क्षेत्रीय केंद्र पर जमा **नहीं** किये जाते। इन्हें अपने सम्बंधित अध्ययन केंद्र पर ही जमा करें।

08) क्षेत्रीय केंद्र पर अधिकांश कार्यक्रमों के परियोजना कार्य (Projects) जमा **नहीं** होते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये अपनी कार्यक्रम मार्गदर्शिका (**Programme Guide**) का अवलोकन व अनुसरण करें।

09) क्षेत्रीय केंद्र इग्नू परीक्षाओं की डेट-शीट **नहीं** बनाता. डेट-शीट में किसी प्रकार के बदलाव/संशोधन हेतु Registrar, SED, IGNOU Hqtrs. को ही लिखें. इग्नू डेट-शीट www.ignou.ac.in पर उपलब्ध होती है। कृपया इस वेबसाइट को देखते रहें।

10) परीक्षा परिणाम (Result) क्षेत्रीय केंद्र द्वारा **ना** तो घोषित किये जाते हैं और **ना** ही वेबसाइट पर अपडेट। इसके लिए या तो आप थोडा इंतज़ार करें, www.ignou.ac.in देखते रहें, या Registrar, SED, IGNOU, Maidan Garhi, New Delhi - 110068 को पत्र लिखें।

11) आपका प्रोग्राम पूरा उत्तीर्ण होने के बाद ही, आपका फाइनल Grade Card (GC/मार्कशीट) तथा Provisional Certficate (PC) आपके घर के पते पर सीधे ही "SED, IGNOU, Maidan Garhi, New Delhi" द्वारा भेजे जाते हैं । इसके लिए आप (क) हमारे रिकार्ड्स में अपना घर का पता सही / अपडेट रखें और (ख) प्रोग्राम पूरा उत्तीर्ण होने के बाद GC/PC हेतु इंतज़ार करें. GC/PC भेजने में क्षेत्रीय केंद्र की कोई भूमिका **नहीं** होती।

12) इग्नू आपका फाइनल डिग्री/डिप्लोमा आपको दीक्षांत समारोह में दे सकता है जो क्षेत्रीय केंद्र, करनाल द्वारा आयोजित किया जाता है। दीक्षांत समारोह में भाग लेने की सूचना www.ignou.ac.in पर ही आती है। प्रोग्राम पूरा उत्तीर्ण होने के बाद, दीक्षांत समारोह सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाइट देखते रहें।

13) क्षेत्रीय केंद्र विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण सूचनाएं SMS से देता है । हमें अपना सही/चालू मोबाइल न. दें। जब भी न. बदलें हमें, नाम, एनरोलमेंट न., प्रोग्राम के साथ, नया मोबाइल न. जरुर सूचित करें।

14) फ़ीस के डिमांड ड्राफ्ट **IGNOU** के नाम पर तथा **Karnal** पर देय ही बनवाएँ।

15) जब भी क्षेत्रीय केंद्र आयें, तो क्षेत्रीय केंद्र के नोटिस बोर्ड को जरूर ध्यान से देखें, नोटिस बोर्ड पर आपके लिए महत्वपूर्ण एवं जरूरी सूचनायें प्रदर्शित रहती हैं, जो आपके बहुत उपयोगी होती हैं।

16) जब भी क्षेत्रीय केंद्र के साथ पत्राचार (पत्र, ईमेल आदि) करें तब हमेशा अपनी जरूरी डिटेल्स (**नाम, कार्यक्रम, एनरोलमेंट नम्बर, मोबाइल नम्बर आदि**) देते हुए अपनी बात लिखें । क्षेत्रीय केंद्र करनाल का पता नीचे दिया गया है।

अत्यधिक महत्वपूर्ण

01) आपकी जरूरत की अधिकतर सूचनाएं www.ignou.ac.in पर, तथा फार्म आदि Student Zone में Downloads और/अथवा Forms वाले लिंक्स पर उपलब्ध हैं। घर बैठे देखें। कोई सूचना/फार्म न मिले तो ही अध्ययन/क्षेत्रीय केंद्र पर जाएँ।

02) आपकी सम्पूर्ण "**दाखिला सम्बन्धी सूचनाएं (आपका नाम, पता, दाखिला सत्र, आपके कोर्सेज आदि)**" http://admission.ignou.ac.in/changeadmdata/admissionstatusnew.asp पर उपलब्ध हैं। आपको अपनी डिटेल्स इस पर जरुर चेक करनी चाहियें। **कोई विसंगति मिलने पर**, क्षेत्रीय केंद्र को तुरंत जरूरी दस्तावेज साथ लगाकर विस्तार से पत्र लिखें।

03) Student Evaluation Division (SED) में विभिन्न सेवाओं हेतु आपको किसे संपर्क करना चाहिए? **Whom to Contact for What** के लिए SED, IGNOU की वेबसाइट पर देखिये - http://www.ignou.ac.in/ignou/aboutignou/division/sed/activities/detail/163

Disclaimer: University कभी भी उपरोक्त लिंक्स/सूचना आदि बदल सकती है. नवीनतम सूचना हेतु कृपया www.ignou.ac.in देखें.

(डा. अशोक शर्मा, क्षेत्रीय निदेशक)

क्षेत्रीय केंद्र, करनाल
Regional Centre, Karnal

Phone : 0184 – 2271514, 260075,
Email : rckarnal@ignou.ac.in
Website : http://rckarnal.ignou.ac.in/

इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
Indira Gandhi National Open University
Regional Centre,
06, Subhash Colony,
Karnal – 132 001,
Haryana.